मैंने शिवा जी से कहा कि मैं आते हुए इसका हिन्दी अनुवाद कर रही थी, मुझे क्या मालूम था कि यह हादसा हो जाएगा और यह कविता इतनी प्रासांगिक हो जाएगी। यह वातावरण था, सभापति जी, उस समय सेंट्रल हाल का, केन्द्रीय कक्ष का। लोग भय और तनाव की बात करते हैं, लेकिन वहां बात केवल बहादुरी की हो रही थी, वहां बात केवल वीरता की हो रही थी। इसलिए मैं आज इस सदन के माध्यम से यह स्पष्ट करना चाहती हूँ कि यह भ्रांति जो फैलाई गई, जिस टिप्पणी ने हमारे सम्मान को धूमिल किया, हमारी छवि को नकारने की बात की, वह बिल्कुल सत्य नहीं है, सारे के सारे सांसद एकजुट होकर उस समय सेंट्रल हाल में बैठे हुए थे और आपस में बात कर रहे थे।

आदरणीय सभापति जी, कल जब मुझे पता चला कि प्रणब दा ने सदन में बोला है, मैं चूंकि नहीं थी उस समय सदन में, मुझे लगा कि मुझे वह भाषण मंगाकर पढ़ना चाहिए तो मैंने डा. मनमोहन सिंह जी का भाषण भी मंगाया, प्रणब मुखर्जी जी का भाषण भी मंगवाया और जितने जो भाषण यहां हुए थे उन्हें मंगवाया। मैंने उन्हें देखा कि ऐसे कौन से प्रश्न हैं, जो बहुत उद्वेलित होकर उठाए जा रहे हैं। मुझे लगा प्रणब दा ने एक प्रश्न बहुत उद्वेलित होकर उठाया और बार बार उसे दोहरा रहे थे कि ठीक है जो हो गया वह तो हो गया, लेकिन आगे क्या करना है? उन्होंने तीन बार एक शब्द का इस्तेमाल किया - एक्शन का। What is your gameplan? What is your action plan? Do I know what is your action plan? उन्होंने यह भी कहा कि उस एक्शन प्लान में मैं कहां हूँ? वहां 'मैं' का मतलब भारत से है, कि इंडिया कहां है?

क्या उस एक्शन प्लान में इंडिया है? कुछ सांसदों ने कहा कि चलिए, वह तो हो गया, आप यह बताइए कि आपके पास विकल्प क्या है?

आदरणीय सभापति जी, आपके माध्यम से मैं बहुत विनम्रता से सदन के साथियों को यह कहना चाहूंगी कि चर्चा लक्ष्य की कीजिए, विकल्प की नहीं। विकल्पों की चर्चा खुले में नहीं की जानी चाहिए। विकल्प तो सरकार के पास सारे हैं और सारे होने भी चाहिएं क्योंकि परिस्थिति जैसी मांग करे वैसा विकल्प चुन लिया जाना चाहिए। लेकिन, जिस तरह के हालात हैं, उसमें परिस्थिति दिनों में नहीं बल्कि घंटों में बदलती हैं। अभी कोई विकल्प हम सुझाएं, लेकिन हो सकता है कि एक घंटे बाद वह अप्रासंगिक हो जाए और कोई दूसरा विकल्प चुनना पड़े। इसलिए विकल्प नीतिकारों पर आप छोड़ दें। हां, लक्ष्य की आप चर्चा करें कि हम प्राप्त क्या करना चाहते हैं। इस सदन से संदेश दें कि सरकार के सामने यह लक्ष्य है और वह उसको प्राप्त करे। उसके लिए उसे चाहे कोई माध्यम अपनाना पड़े। और जब मैंने लक्ष्य के बारे में सोचा तो मुझे देर नहीं लगी, एक क्षण में वह लक्ष्य मेरे सामने आ कर खड़ा हो गया। वह लक्ष्य है वह शपथ, जो हमने सांसद के रूप में खाई है, वह लक्ष्य है वह शपथ, जो सरकार में बैठे लोगों ने मंत्री के रूप में खाई है। जब हम सांसद के रूप में चुने जाते हैं तो इस सदन का हिस्सा बनने से पहले यहां खड़े होकर हम कसम खाते हैं, उस कसम का वाक्य है - मैं भारत की प्रभुता और अखण्डता को अक्षुण्ण रखुंगा। यही लक्ष्य है भारत की प्रभुता और अखण्डता को अक्षुण्ण रखने का, भारत की सार्वभौमिकता को बचाने का, उस पर किसी तरह के बादल न आने देने का और यह लक्ष्य पूरा करने के लिए एकजुटता का प्रदर्शन करना है, एक संकल्प लेना है। जहां तक विकल्पों की चर्चा है, विकल्प तो बहुत से हो सकते हैं, ऐक्शन प्लान बहुत से हो सकते हैं लेकिन मैं प्रणब दा से कहना चाहूंगी कि यहां विकल्पों का खुलासा करने की मांग करना या खुलासा करना बुद्धिमता नहीं होगी। किसी भी नीति की सफलता का रहस्य होता है उसकी गोपनीयता और अगर आज के इस इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के युग में हम उस गोपनीयता को बरकरार रख सके तो यह हमारी डबल सफलता होगी। लेकिन, हां, जिस ऐक्शन प्लान की वे बात कर रहे हैं, मैं यह नहीं बता सकती कि वह ऐक्शन प्लान क्या होगा, मुझे अधिकार भी नहीं है, लेकिन मैं यह बता सकती हूं कि वह ऐक्शन प्लान कैसा होगा, उसका स्वरूप क्या होगा और मैं इस सदन में कह सकती हूं कि वह ऐक्शन प्लान ऐसा होगा जिसमें डा. मनमोहन सिंह की सलाह होगी और अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई होगी, वह ऐक्शन प्लान ऐसा होगा जिसमें प्रणब दा का अनुभव होगा और नीलोत्पल की तरुणाई होगी, वह ऐक्शन प्लान ऐसा होगा जिसमें वैरागी जी का देशप्रेम होगा तो शबाना की वतनपरस्ती होगी, वह ऐक्शन प्लान ऐसा होगा जिसमें ...(व्यवधान)... ऐक्शन सही समय पर होगा, ऐप्रोप्रिएट टाइम पर होगा। तो मैं कह रही थी कि वह ऐक्शन प्लान ऐसा होगा जिसमें जमरल चौधरी का तजुर्बा होगा और संजय निरुपम की मस्ती होगी, वह ऐक्शन प्लान ऐसा होगा जिसमें बी.पी. सिंहल का जोश होगा तो एस.बी. चव्हाण का होश होगा, वह जोश और होश का संगम होगा। सभापति जी, वह ऐक्शन प्लान ऐसा होगा जिसमें भावना देशवासियों की प्रदर्शित होगी। ...(व्यवधान)...

डा. वाई. लक्ष्मी प्रसाद (आन्ध्र प्रदेश) : पार्लियामेंट में शब्द होते हैं, आरग्युमेंट होते हैं, शब्द होते हैं, लड़ाई नहीं होती !

श्रीमती सुषमा स्वराज : बैठिए, बैठिए।

प्रणब दा पूछ रहे थे कि उस ऐक्शन प्लान में मैं यानी भारत कहां होगा। प्रणब दा, ऐसा होगा वह ऐक्शन प्लान जिसके केन्द्र में होगा सिर्फ हिन्दुस्तान, सिर्फ हिन्दुस्तान, सिर्फ हिन्दुस्तान ।

यहां बहुत लोगों ने संदेह प्रकट किया अमरीका के कॉलेन पॉवेल ने कह दिया कि आप रिस्ट्रेन बरतिए, आप संयम बरतिए, क्या आप उनकी सलाह पर संयम बरतेंगे? मैं इस सदन में खड़े होकर दृढ़ता से कहना चाहती हूं कि भारत की रणनीति भारत के राष्ट्रीय हितों को सामने रखकर बनाई जाएगी, किसी की सलाह और मश्विरे पर नहीं बनाई जाएगी, किसी के डर, भय और दबाव पर नहीं बनाई जाएगी। और हम क्यों चिंतित हो रहे हैं, पिछले तीन साल का इतिहास गवाह है, सभापति जी, इस बात का। अमरीका तो नहीं चाहता था कि हम अणु परीक्षण करें, लेकिन अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकताओं को सामने रखते हुए अमरीका की परवाह किए बिना हमने अणु परीक्षण करके अपने साहस का प्रदर्शन किया। करगिल में हमारी फौजों ने अगर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया तो एल.ओ.सी., नियंत्रण रेखा, पार न करने का निर्णय लेकर सरकार ने अपना धैर्य प्रदर्शित किया। अगर आगरा के लिए जनरल परवेज़ मुशर्रफ को दावत देकर हमने अपनी कूटनीतिक परिपक्वता का प्रदर्शन किया तो उन्हें खाली हाथ भेजकर अपनी दृढ़ता का प्रदर्शन किया। तीन साल में एक-एक पड़ाव ऐसा आया - लाहौर बस यात्रा से लेकर आज तक वह कौन सी मंजिलें हैं जब हम साहस में चूके हों या संयम में चूके हों, जब हम शौर्य में चूके हों या धैर्य में चूके हों, जब हम शालीनता में चूके हों या दृढ़ता में चूके हों। हमें अमरीका से संयम की सलाह लेने की आवश्यकता नहीं है। जब कॉलेन पॉवेल का बयान आया तो मुझे लगा कि कौन किसको सलाह दे रहा है। 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहीं ते नर न घनेरे' - औरों को नसीहत, खुद मियां फजीहत। कौन किसको सलाह दे रहा है। हमें अमरीका से संयम की सीख लेने की आवश्यकता नहीं है, सभापति जी, हमारे अपने शास्त्र ऐसे उदाहरणों से भरे पड़े हैं। याद है हिन्दुस्तान के शासकों को महाभारत में दुर्योधन के पास कृष्ण का संधि प्रस्ताव लेकर जाना और अंतिम क्षणों तक युद्ध को टालने का प्रयत्न करना हमें संयम की सीख देता है, लेकिन रामायण में समुद्र के द्वारा विनय स्वीकार न करने के बाद राम का क्रोधित होकर प्रत्यंचा चढ़ाकर कहना - 'भय बिन होए न प्रीत', हमें धनुष-बाण संधान की भी प्रेरणा देता है। सभापति महोदय, विकल्प क्या होगा, कैसा होगा, मैं एक बात कह सकती हूं कि परिस्थितियों का जैसा तकाज़ा होगा, जवाब वैसा ही दिया जाएगा, एकदम माकूल, एकदम उपयुक्त जवाब दिया जाएगा और उसमें कहीं सरकार चूकती हुई दिखाई नहीं देगी। मुझे दुःख हुआ जब प्रणब दा ने अंत में यह बात कही कि अगर मुझ पर एक अंगुली उठाओगे तो तीन अंगुलियां तुम्हारी तरफ भी होंगी। सभापति ज़ी, मुझे न तो एक अंगुली उनकी तरफ दिख रही है और न तीन अंगुलियां अपनी तरफ, मुझे तो ये पांचो अंगुलियां मुट्ठी बनती हुई दिखाई दे रही हैं - आतंकवादियों को चुनौती देती हुई मुट्ठी, विजय की घोषणा करती हुई मुट्ठी ।

सभापति जी, यह समय "मैं" या "आप" के लहज़े में बात करने का नहीं है, यह समय "हम" के लहज़े में बात करने का है, "We the people of India, We the Members of Parliament of India", इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि आज की विजय की पूर्व शर्त है यह एकजुटता। यदि एक बार हम एकजुट होकर संकेत दे दें तो यही एकजुटता हमारा पथ प्रदर्शित करेगी और यही एकजुटता हमारी विजय-वाहिनी बनेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्रीमती सरोज दुबे : माननीय सभापति महोदय, माननीय गृह मंत्री जी के वक्तव्य पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करती हूं। देश की सबसे संवेदनशील जगह, देश की सर्वोच्च पंचायत और लोकतंत्र के प्रतीक पर आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया, यह देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर हमला है। यह पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के दुस्साहस की पराकाष्ठा है। महोदय, 13 दिसंबर को आतंकवाद द्वारा की गई कायरतापूर्ण घटना की मैं अपनी ओर से तथा अपने दल की ओर से तीव्र भर्त्सना करती हूं और साथ ही साथ अपने दल की तरफ से आतंकवाद द्वारा दी गई चुनौती को स्वीकार करते हुए वर्तमान सरकार द्वारा उठाए गए सभी विवेकपूर्ण और सुविचारित कदमों से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन देती हूं ।

महोदय, आज हम अगर इस सम्मानित सदन में 13 दिसंबर की घटना पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हो सके हैं तो उसके पीछे हमारे सुरक्षाकर्मियों के बलिदान की गाथा छिपी है। हमारे सुरक्षाकर्मियों ने इस देश की सर्वोच्च पंचायत, इस देश की सर्वोच्च प्रतिनिधि सभा की नींव को अपने खून से सींचकर पुख्ता कर दिया और इसी वजह से आज हम यहां एकत्रित हुए हैं। हम जिंदा इसलिए हैं कि हमारे सुरक्षाकर्मियों ने अपनी जान दे दी और नि:शस्त्र होते हुए भी बम और हथियारों से लैस लोगों के सामने बहादुरीपूर्वक लड़ते हुए अपनी कर्तव्यपरायणता की अनूठी मिसाल कायम की। यह देश इसके लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा और उनके बलिदान की अनूठी मिसाल हमेशा हमारे लिए प्रेरणा-स्रोत का काम करती रहेगी ।

महोदय, मैं शहीदों के शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपने दल की तरफ से संवेदना व्यक्त करती हूं। शहीद कमलेश कुमारी ने बड़ी बहादुरी के साथ अपने प्राणों की आहुति दी और अपने प्राणों की आहुति देते हुए महिला बलिदानियों की श्रृंखला की कड़ी में अपना नाम जोड़ते हुए उन्होंने अनूठी मिसाल कायम की। अपने तीन बिलखते हुए बच्चों को छोड़कर उन्होंने जो मिसाल कायम की, इसके लिए मैं उनके परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट करती हूं। उन्होंने यह दिखा दिया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में चाहे वह बलिदान का क्षेत्र हो, चाहे वह सेवा का क्षेत्र हो, महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। जो सुरक्षाकर्मी अस्पताल में हैं, मैं उनके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना करती हूं ।

महोदय, हम बच गए क्योंकि शहादत दी गई और शहादत देकर उस भयानक हमले को विफल कर दिया गया। अब लोगों के सामने यह सवाल तैर रहा है कि संसद पर हमला कैसे हुआ? संसद पर यह हमला बहुत अप्रत्याशित नहीं था क्योंकि इसकी संभावना बहुत पहले से व्यक्त की जा रही थी। महोदय, 11 सितंबर की घटना के बाद यह तय हो गया था कि दिल्ली आतंकवादियों के निशाने पर है। मुम्बई के अल-कायदा के अफरोज ने भी यह बयान दिया था कि हमारी संसद उनके निशाने पर है। प्रधान मंत्री जी ने 12 दिसम्बर को मुम्बई में कहा कि आतंकवादी हमारी संसद पर हमला करना चाहते हैं, गृह मंत्री जी भी इस तरह का बयान देते रहे और आतंकवादियों के लिए इस तरह का हमला किया जाना पहले से ही निश्चित था क्योंकि जिस तरह से अफगानिस्तान में इनकी सफाई हुई, जिस तरह से इनका खात्मा हुआ तो वह यह दिखाने के लिए कि हम कश्मीर में और पाकिस्तान में कमजोर नहीं हैं, उन्होंने यह बताने के लिए कि हम 11 सितम्बर के बाद ज्यादा मजबूत हैं, उन्होंने यह हमला किया। अभी हमारी बहन सुषमा जी ने बड़े जोर शोर से शब्दों का जाल फैलाते हुए बताया कि कहां लापरवाही हुई थी, कहां चूक हुई थी। मैं यह बताने के लिए नहीं खड़ी हुई, यह आलोचना नहीं करना चाहती कि कहां चूक हुई है।

लेकिन जब सवाल उठा है तो मैं यह कहना चाहती हूं कि यह बात सच है कि हमारे सुरक्षाकर्मियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। लेकिन क्या यह सच नहीं है कि गेट को पार करते हुए कार संसद के परिसर में आ गई, क्या यह सच नहीं है कि एक अम्बेस्डर कार विस्फोटक भरकर, ए.के. 47 लेकर और तमाम हेंड ग्रेनेड लेकर पूरे वी.वी.आई.पी. क्षेत्र में अति सुरक्षित क्षेत्र को पार करती हुई, संसद के परिसर में उपराष्ट्रपति महोदय के 11 नम्बर गेट पर आकर खड़ी हो गई? क्या यह सच नहीं है कि यह हमारी सुरक्षा खामियों को बताता है? जब हमारे प्रधान मंत्री जी को मालूम था, जब हमारे गृह मंत्री जी को मालूम था और जब पूरा विश्व जान रहा था कि भारत आतंकवादियों के निशाने पर है तो सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं बरती गई? जब फूलन देवी की दिन दहाड़े हत्या हुई थी तब भी वी.वी.आई.पी. क्षेत्र की सुरक्षा को पुख्ता करने की बात की गई थी। तो क्या हम संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता नहीं कर सकते थे? अगर हम सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर लेते तो आज हमारे जो 9 सुरक्षाकर्मियों ने बलिदान दिया है हम उनका बलिदान होने से बचा सकते थे। महोदय, कल गृहमंत्री जी का वक्तव्य आया। जो भी वक्तव्य आया हम लोग उससे ज्यादा जानकारी मीडिया से प्राप्त कर चुके हैं। लेकिन आज तक सरकार यह नहीं बताती है कि वह अम्बेसडर कार किस गेट से घुसी - पार्लियामेंट की तरफ से घुसी या विजय चौक की तरफ से घुसी, यह आज तक नहीं बताया जा रहा है। क्या वजह है? यह जरूर किसी महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर छिपाए हुए है इसलिए इसको छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

महोदय, संसद हमारी सुरक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक सम्प्रभुता का प्रतीक है। संसद पर हमला होना बहुत ही भयानक है और आज हर किसी के मन में यह सवाल उठ रहा है कि अगर संसद सुरक्षित नहीं है तो हम कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। इससे आतंकवादियों का मनोबल बढ़ता है लेकिन देश की जनता का मनोबल घटता है। इसलिए आतंकवादियों के मनोबल को गिराने के लिए हमें एक कठोर संकल्प लेना होगा, केवल बातों की, शब्दों की बमबारी से आतंकवादियों का खात्मा होने वाला नहीं है। हम बहुत दिनों से सुन रहे हैं कि आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी, हम आतंकवादियों को आकाश-पाताल से खोज निकालेंगे। आज सातवां दिन हो गया, हमारे सुरक्षा कर्मियों ने जिन्होंने बलिदान दिया उनके परिवार वाले भी यह सोच रहे हैं कि कुछ तो होगा तथा उनका बलिदान रंग लाएगा। लेकिन यहां किसी का खून गरम नहीं हुआ, केवल शब्दों के तीर मारे जा रहे हैं, केवल शब्दों के जाल में उलझाने का काम किया जा रहा है। माननीया सुषमा जी, प्रणब जी बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं इस सदन के, उनको अच्छी तरह से मालूम है कि गवर्नमेंट अपना एक्शन प्लान यहां पर घोषित करने वाली नहीं है। वह सब पर्दे के पीछे ही तय होगा, वह सुरक्षा व्यवस्था ही तय करेगी। उसमें नीलोत्पल जी की तरुणाई होगी या शबाना जी का योगदान होगा, यह सब जानते हैं। लेकिन वह कब होगा, इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई, देश की जनता मुखर हो गई, देश का नागरिक जो पीड़ित था, जो अपनी समस्याओं से जूझ रहा था आज अपनी समस्याओं को छोड़ कर वह जानना चाहता है कि यह सरकार देश के मान-सम्मान की रक्षा के लिए कौन सा कदम उठाना चाहती है। यह वह देश है जहां महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खाकर आजादी की लड़ाई लड़ी थी। वह देश इंतजार कर रहा है, अमेरिका का इंतजार कर रहा है। अमेरिका के बारे में माननीय विदेश मंत्री जी का बड़ा भारी दावा था कि अमेरिका से हमारे संबंध बड़े पुख्ता हो गए, बुनियाद बड़ी पुख्ता हो गई है। कहां है वह अमेरिका, कहां है पुख्ता बुनियाद का अमेरिका? उसका कालिन पॉवल कहता है कि संयम से काम लीजिए, कॉलिन पॉवेल कहता है कि नरम रुख अपनाइए। पाकिस्तान की वकालत करते हुए कहता है कि पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करेगा और हम केवल अमेरिका

की तरफ देख रहे हैं। हम आपको यह बताना चाहते हैं कि हम अमेरिका नहीं हैं कि पूरा विश्व हमारे साथ आ जायेगा। सभापति महोदय, हमारे सामने जब भी कोई समस्या आई हम पूरे विश्व के मंच पर अकेले, असहाय से खड़े रहे, चाहे वह विमान अपहरण करके कंधार ले जाने का मामला हो, चाहे वह जम्मू-काश्मीर की विधान सभा पर हमला हो, चाहे प्रधान मंत्री जी के कार्यालय के पीछे बम विस्फोट हुआ हो, हम जहां के तहां अकेले खड़े रहे, कोई हमारे लिए आगे बढ़कर नहीं आया। मुशर्रफ आये, उनके सामने भी कोई बोलने के लिए तैयार नहीं था, किस बात का हम दावा करते हैं, हम तो विश्व में अपनी असहायता प्रदर्शित करने के लिए खड़े हुए हैं। पिछली बार मैंने कह दिया था कि विदेश मंत्री जी बड़े दौरे पर जाया करते हैं तो शायद उनको बुरा लगा था, लेकिन उन दौरों का नतीजा क्या निकल रहा है, कहीं कुछ नहीं है। जब से सोवियत संघ बिखर गया है तब से रूस भी हमारे साथ खड़ा नहीं होता है, चीन का तो कहना ही क्या? पाकिस्तान के राष्ट्रपति मुशर्रफ चीन के दौरे पर जा रहे हैं। हम किसके लिए रास्ता देख रहे हैं? विश्व जनमत हमारे साथ नहीं है। हम तो इजराइल की भी नकल नहीं कर पाये। इजराइल में निरपराध लोगों का वध हुआ तो उसने तुरंत हमला करके अपने मान-सम्मान की रक्षा की। क्या हम अपने मान-सम्मान की रक्षा नहीं कर सकते हैं? जबकि हम सफलता का डंका पीट रहे हैं। बार-बार यह कहा जा रहा है कि तीन साल का इतिहास उठाकर देखिए। हमने हर जगह पर अपने झंडे गाड़े हैं, कौन से झंडे गाड़े हैं? हमारे विमान का अपहरण हो गया, उसको कंधार ले जाया गया और आपने आतंकवादियों को वहां पर ले जाकर खुद समर्पित कर दिया। इससे बड़ा काला दिन कौन सा हो सकता है। जब कभी कोई हमला हुआ तो आपने अमेरिका को खत लिख दिया। हमारी जम्मू-काश्मीर की विधान सभा पर हमला हुआ, हमारे 40 जवान मारे गए, हमारी प्रतिष्ठा पर हमला हुआ, लेकिन क्या हुआ? एक चिट्ठी अमेरिका के राष्ट्रपति को लिख दी गई। वह बड़ा भारी हमारा गार्जियन है, मालिक है, उसे चिट्ठी लिख दी गई और उसके बाद सब खत्म। मुख्य मंत्री फूट-फूट कर रोये, उन्होंने कहा कि रोज-रोज मरने से अच्छा है कि हम एक दिन मर जाये, लेकिन सरकार ने अपने शब्दों का जाल फैलाया, शब्दों के तीर चलाये और अपनी वाकपटुता में उलझाकर इस देश को फिर शांत कर दिया। लेकिन अब सिर से पानी गुजर गया है। इस बार संसद पर हमला हुआ है, देश की एकता-अखंडता पर हमला हुआ है, देश के मान-सम्मान पर हमला हुआ है। आज भारत मां की यह पुकार है, तुम्हारी तरफ देख रही है, उठो सपूतों इस देश के मान-सम्मान की रक्षा के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने के लिए तैयार हो जाओ। आज वह समय आ गया है जब हम कह सकते हैं, "सरफरोशी की तमन्ना आज हमारे दिल में है, देखना है जान कितने बाजुए कातिल में है।" अमेरिका कहता है कि दोनों देश परमाणु-युक्त हैं। महोदय, अगर दोनों देश परमाणु-युक्त हैं तो क्या हम मरने से डरते हैं। अगर पाकिस्तान को हमारे परमाणु बमों का डर नहीं है तो हमें भी उनके परमाणु बमों का डर नहीं है। हम जान से ज्यादा देश की इज्जत को ऊपर रखना चाहते हैं। इसीलिए मैं सरकार से यह कहना चाहती हूं कि विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने से बेहतर है कि वह अपने गिरेबान में झांके और विपक्ष को अपने विश्वास में लेकर रणनीति तय करे। क्योंकि अभी तक की आपकी रणनीति ने यह तय कर दिया है कि आप हर मोर्चे पर विफल हुए हैं। कारगिल के लिए आप अपनी पीठ ठोक रहे हैं। हमारे जवानों ने उसमें बहादुरी दिखाई है, आपकी तो सारी मशीनरी फेल हो गई थी, वहां पर बंकर बना लिए थे। हमारे जवान उन बर्फीली चट्टानों पर बिना बर्फ वाले जूते पहने हुए लड़ रहे थे, उनके पैर गल गए लेकिन आपने अभी तक कोई तैयारी नहीं की है। आपको तो मालूम ही नहीं था कि वे क्या कर रहे थे। ये तो रावड़ी देवी और सोनिया गांधी के पीछे पड़े हुए थे। आपके जो

डिफेंस मिनिस्टर हैं वह सोनिया गांधी को विदेशी साबित करने में लगे हुए थे और राबड़ी देवी को कुर्सी से हटाने में लगे हुए थे। आप जितना समय एक राष्ट्रीय नेता लालू प्रसाद यादव को बर्बाद करने में लगा रहे हैं ...(**व्यवधान**)... अगर इतनी ताकत और इतनी अक्ल आपने विदेशों के साथ लगाई होती तो आज देश का इतिहास कुछ और होता। ...(**व्यवधान**)... अरे, क्यों शर्म नहीं करते? ...(**व्यवधान**)... महोदय, इन्होंने ऐसी प्लानिंग की कि बेल होते ही जेल कर दिया ...(**व्यवधान**)... इतनी अक्ल अगर आपने सीमा पर लगाई होती तो आज कुछ और ही नजारा होता। पाकिस्तान समझ गया है कि आप नर्म हैं, आप केवल शब्दों के बड़बोलेपन के ही जादूगर हैं। आपके पास कुछ नहीं है इसलिए उसका दुस्साहस बढ़ता चला जा रहा है और इसीलिए आई.एस.आई. आपके यहां यह सब कर रहा है। वह कहता है कि आप सबूत दीजिए। पाकिस्तान कहता है कि आपने संसद पर अपने आप हमला करा दिया। बताइए, एक छोटे से देश की इतनी हिम्मत? वह आपसे कहता है कि आपने अपने सुरक्षाकर्मियों को खुद मरवा दिया। आपने खुद अपने ऊपर हमला कर दिया और आप समझते हैं कि आपने बहुत बड़ा तीर मार लिया। आप लड़ेंगे किसके दम पर? आपका सेनानी कठघरे में खड़ा है। दूसरी ओर आपके विदेश मंत्री जी हैं, वह सज्जन पुरुष हैं। वह पता नहीं कैसे अमेरिका के या और किसी के बहकावे में आ जाते हैं और उनको यह भी पता नहीं चलता है कि हमारे उनके संबंध कैसे हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तरांचल) : आप समझा दीजिए उन्हें। ...(**व्यवधान**)...

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान) : क्या कह रही हैं ? इस देश के विदेश मंत्री किसी के बहकावे में आ गये हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती चन्द्रकला पांडे (पश्चिमी बंगाल) : जरा धैर्य से सुनिए। क्यों आप लोग बीच में बोल रहे हैं?

श्रीमती सरोज दुबे : मैं आज के दिन आपसे केवल इतना ही कहना चाहती हूं कि आज इंदिरा जी की याद आती है। आज जनता इंदिरा जी को याद कर रही है। अगर इंदिरा जी आज होतीं तो उसी रात उनके आतंकवादी शिविरों को नष्ट करके हमारी सेना वापिस आ जाती और अमेरिका हमसे समझौता कराने आता तो हम ऐहसान करके उनसे समझौता करते। ऐसा होता है नेतृत्व। यह नेतृत्व नहीं होता। कायरतापूर्ण नेतृत्व को कोई स्वीकार नहीं करता है। सेना भी तभी लड़ती है जब उसका नेतृत्व मजबूत होता है। इसीलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आप जरा सोचिए। यह राजनीति करने का समय नहीं है। यह शब्दों का जाल बिछाने का समय नहीं है। यह समय है पूरे देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने का। अगर देश है तो हम सब हैं। अगर देश नहीं है तो कुछ भी नहीं है इसीलिए विपक्ष को आप अपने विश्वास में लीजिए और सब लोग मिल-बैठकर एक रणनीति तैयार कीजिए ताकि दुबारा पाकिस्तान या किसी भी आतंकवादी की हमारे संसद भवन की तरफ या हमारे देश की तरफ निगाह उठाने की हिम्मत न हो। जो बढ़ते हुए हिंसा के हाथ हैं, उनको काटकर फैंक दीजिए और बहादुरी कीजिए। भ्रष्टाचार बंद करके जरा कुछ काम कीजिए और देश को आगे बढ़ाइए। इतिहास लिखा जा रहा है। जरा उस इतिहास में अपनी सुनहरी भूमिका तो दर्ज करा दीजिए। रोज आतंकवादी अपनी भूमिका दर्ज करा रहा है। आप इतिहास में कोई भूमिका दर्ज नहीं करा पा रहे। पन्ने काटने और जोड़ने में समय मत खराब कीजिए। सभापति महोदय, मैं एक बार फिर से सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं कि विपक्ष एकजुट है और विपक्ष यह चाहता है कि आप सोच विचार कीजिए। इसीलिए विपक्ष ने कहा कि

एक सुविचारित नीति पर आपका साथ दिया जाएगा। अगर आप कुंए में गिरना चाहें तो कुछ नहीं किया जा सकता क्योंकि आपके विवेक पर हमें भरोसा नहीं है। इसीलिए विपक्ष की राय लेकर, सोच-विचार करके आप कदम उठाएं। देश के इतिहास की गरिमा के अनुकूल, देश का जो वीरोचित इतिहास है, देश का जो त्याग और बलिदान का इतिहास है, उसके आधार पर आप कदम उठाएं। इस देश की जनता देश की एकता-अखंडता को मजबूत करने के लिए कोई भी कुर्बानी देने के लिए तैयार है। जो आपका आका है, अमेरिका, उसकी तरफ देखना बंद कर दीजिए, उसके पैर आपने बहुत दिन तक पकड़ लिये। उसने आपको क्या दिया? कुछ नहीं दिया ...(व्यवधान)...अपने दम पर, अपनी ताकत पर, अपने बाहुबल पर आपको लड़ना है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर ऊपर वाले से प्रार्थना करती हूं कि इनको सद्‌बुद्धि दे ताकि हमारा देश बच जाए और इस देश का नाम हो। धन्यवाद।

श्री गुलाम नबी आजाद (जम्मू और कश्मीर) : माननीय सभापति महोदय, 13 दिसम्बर की घटना ने एक दफा फिर हम सबको हिला दिया है जबकि हमारे देश पर और हमारे देश के लोकतंत्र पर एक गहरी चोट पाकिस्तान की तरफ से हुई है। पाकिस्तान की तरफ से हमारे पूरे डैमोक्रेटिक सिस्टम को खत्म करने का जो प्रयास हुआ, हमें खुशी है कि अल्लाह ने और हमारी सिक्योरिटी फोर्सिज ने तथा वॉच एंड वार्ड के जो साथी हैं, उनकी चौकसी ने एक बहुत बड़ी आफत से इस देश को बचाया है। मैं अपने साथियों से, चाहे वे विपक्ष के हों, पूरी तरह सहमत हूं कि यह वक्त एकता का है, यह वक्त विश्वास का है, यह वक्त इरादे बांटने का है और हिम्मत करने का है। चाहे हमारा धर्म कुछ भी हो, हमारी भाषाएं कुछ भी हों, हमारी पार्टियां भिन्न-भिन्न हों, हमारे विचार अलग हों लेकिन देश की एकता बनाए रखने के लिए, देश की अखंडता के लिए, देश की स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए, चाहे सदन के इधर के लोग हों, चाहे उधर के लोग हों, हम हमेशा सब एक हैं। लेकिन जब हम इस गंभीर विषय पर चर्चा करते हैं और यदि अपोजिशन के कोई साथी बीच में सरकार का ध्यान कुछ चीजों की तरफ आकर्षित करना चाहते हैं तो इसका यह मतलब नहीं है कि वह सरकार को कमजोर करना चाहते हैं या सरकार के मनोबल को कमजोर करना चाहते हैं या सरकार के इरादों को कमजोर करना चाहता है। मैं समझता हूं कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति उसकी अपनी सरकार की नहीं होती है बल्कि अपोजिशन कितना उसको मजबूत रखे, कितना उसको टोज पर रखे, वह बड़ी शक्ति होती है। यह आपका सवाल नहीं है, जब हम 40-50 साल इधर थे, मैं मानता हूं कि अपोजिशन का जो रोल उन 40-50 बरसों में रहा, उससे सरकार कमजोर नहीं हुई, उससे सरकार मजबूत हुई। जो हमारी खामियां, त्रुटियां और कोताहियां थी उनको दुरुस्त करने का, उनको ठीक करने का हमें मौका मिला। मेरे ख्याल में सरकार को बजाए ओफेन्ड होने के इसको एक राइट पर्सपैक्टिव में लेना चाहिए। अगर सरकार सोने लगे तो अपोजिशन का काम एक पहरेदार की तरह उसको जगाने का है। हर वक्त अगर हम यह समझें कि बिल्कुल बात नहीं करेंगे तो डैमोक्रेसी का हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और दूसरे देशों में कोई फर्क नहीं रहेगा। हमारी शक्ति इसी में है, जब मुल्क कमजोर हो रहा है, मुल्क खतरे में हो उस वक्त इकट्ठे रहें लेकिन ऐसे वक्त में भी सरकार कुछ ऐसा बताए जो उनकी जानकारी में न हो। अगर सरकार रास्ते से भटक रही हो तो उसको पटरी पर लाने का काम अपोजिशन को करना चाहिए। यही मेरे कहने का मतलब है। हमें इस बात का अफसोस है कि पार्लियामेंट में ऐसी घटना हुई जिसमें हमारे सुरक्षा बलों व वाच एंड वार्ड के 9 लोगों की जानें चली गईं। लेकिन एक बात साफ जाहिर है कि हमारे सदन के दोनों सदनों में पिछले बारह सालों से कई दफा आतंकवाद पर चर्चा हुई लेकिन जितनी गंभीरता और जितना

जोश आज हर एक मैम्बर पार्लियामेंट के दिल में है उतना पहले कभी नहीं दिखा। पिछले बारह वर्षों से हम देख रहे हैं कि कश्मीर के अंदर करीब 60 हजार, औरतें, मर्द, बूढ़े, नौजवान, फौजी और सिटिजन्स मारे गए। जब हम बात करते थे तो लगता था कि इस तरफ कुछ नहीं होता है तो उसका अहसास नहीं होता था। अब जब घर के अंदर ऐसा हुआ तो सबकी आंखें और सबके कान खुल गए। डॉक्टर साहब और हम यहां ये बातें उठाते आए हैं। आप अंदाजा लगाएं कि कश्मीर के अंदर किस तरह हजारों लोग चाहे वे मुस्लिम हों या नॉन मुस्लिम हों, पंडित हों लाखों की तादाद में पिछले दस-ग्यारह साल से बेघर हैं और हिन्दुस्तान के दूसरे हिस्सों में भटक रहे हैं। इनमें से हजारों लोग तो आज मर भी गए हैं। मैं आपके सामने अपनी मिसाल रखता हूं। आपको आश्चर्य होगा कि बारह साल से मैं अपने घर नहीं जा पा रहा हूं। मैं अपने डिस्ट्रिक्ट में जाता हूं। डा. कर्ण सिंह को मालूम है कि मैं कहां रहता हूं। मैं डिस्ट्रिक्ट डोडा में रहता हूं। मैं डिस्ट्रिक्ट में जाता हूं लेकिन अपने घर नहीं जा सकता। क्योंकि वहां कई दफा अटैक हुआ है इसलिए घर में नहीं घुस सकते। अगर रात में रहें तो पता नहीं रात में क्या होगा क्योंकि आइसोलेटिड जगह है। चालीस-पचास आदमी आ जाएं तो इन दस सुरक्षा बलों का काम नहीं है। आप देख सकते हैं कि जिनका मनोबल यहां तक पहुंचने का है उनका मनोबल, उनकी शक्ति ऐसी आइसोलेटिड जगह के लिए कितनी होगी, इसकी चर्चा मैं कई दफा कर चुका हूं लेकिन वन हैज टू सी टू बिलीव। आज आप बिलीव कर सकते हैं क्योंकि आज आपने देखा है। जब हम बोलते थे तो शायद उनकी बातों पर कोई यकीन नहीं करता था कि ऐसा भी हो सकता है या होता होगा। मैं समझता हूं कि यह एक मौका है जब हमारी पार्लियामेंट और पार्लियामेंट के मैम्बर्स में एक नई जाग्रति आई है। आज इस बीमारी की जड़ तक जाने का सवाल है कि इस बीमारी को कैसे खत्म किया जाए। हम यह जानते हैं कि पाकिस्तान की ओर से यह चीज हो रही है लेकिन क्या कश्मीर के लोगों की उम्मीदें, उनकी अपेक्षाएं समझने की किसी ने कोशिश भी की? 1989 के बाद अगर किसी ने कोशिश की थी तो वह श्री राजीव गांधी जी ने 1990 में की थी। जब वी.पी.सिंह जी प्रधानमंत्री थे तो एक ऑल पार्टी डेलिगेशन - उस वक्त देवीलाल जी उप प्रधानमंत्री थे उनके नेतृत्व में एक डेलीगेशन ऑल पार्टी का गया था। राजीव गांधी जी भी उसमें थे। सौभाग्य से मुझे भी उस डेलीगेशन में जाने का मौका मिला था। तीन दिन और तीन रात उन्होंने वहां के ड्राइवर्स, कंडक्टर्स, दुकानदारों, वहां के लोगों को बुलवा-बुलवाकर, उठवाकर बस में, गाड़ी में और टैक्सी में गेस्ट हाउस से सैंटोर होटल तक लाए। उस वक्त की सरकार, जगमोहन जी ने उन्हें लोगों से मिलने के लिए बाहर जाने नहीं दिया था। इसलिए नहीं कि वे नहीं चाहते थे कि वे मिलें बल्कि सिक्योरिटी कारणों से नहीं जाने दिया था। उन्होंने पूरे शहर और सूबे के लोगों को बुलाकर प्रयास किया और उन्हें समझने की कोशिश की। पिछले दस साल में चाहे आपकी सरकार हो - बीच में एक वातावरण 1991 और 1996 के बीच बना था, एक वातावरण बनाया गया था। पोलिटिकल लेवल पर दूसरे लोगों से भी कुछ बात होती थी। यही वजह है कि आतंकवादियों के बगैर या उनसे समर्थन रखने वाले, सिम्पथी रखने वाले, हमदर्दी रखने वाले लोगों के बगैर भी दूसरे लोगों से बात होती थी। यही वजह थी कि 1996 में विधानसभा का इलेक्शन हो पाया। लेकिन इधर चाहे आपकी सरकार हो या बीच में दूसरी सरकारें हों मैं नहीं समझता हूं कि पीपल टू पीपल कांटेक्ट अब रहा है। आज दुर्भाग्य से जो कांटेक्ट है उसे देखकर ऐसा लगता है कि वह कश्मीरवादियों और केंद्रीय सरकार के बीच में ऑफीसर लेवल पर ज्यादा है। ऑफीसर लेवल पर ये बातें अजीज नहीं होतीं। 1989 में शुरुआत जम्मू कश्मीर लिब्रेशन फ्रंट से हुई। वह एक मॉड्रेट नौजवानों की, बेरोजगार नौजवानों की यूनियन थी। वे पाकिस्तान के हक में नहीं थे लेकिन

हिंदुस्तान के हक में भी नहीं थे। लेकिन दुर्भाग्य से मिलिट्री विंग हिज्बुल मुजाहिदीन, जो जमात-ए-इस्लामी का था उसने पाकिस्तान को बीच में लगा दिया। उस हिज्बुल मुजाहिदीन से सबसे बड़ा नुकसान हुआ। उन्होंने सबसे पहले जे.के.एल.एफ. (जम्मू-कश्मीर लिब्रेशन फ्रंट) के नौजवानों को खत्म किया। कइयों ने सरेंडर किया। हिज्बुल मुजाहिदीन के लोगों ने दोहरी पॉलिसी अपनाई कि खुद ही जे.के.एल.एफ.,जो प्रो पाकिस्तान नहीं है उनको खत्म किया जाए और फिर सरेंडर करके आर्मीज के साथ मिलकर जे.के.एल.एफ. के लोगों को पकड़वा दें, उन्हें खत्म करा दें। इस तरह से एक साजिश के तहत पाकिस्तान ने जमात-ए-इस्लामी का जो मिलिट्री विंग है हिज्बुल मुजाहिदीन, के द्वारा मॉड्रेट मिलिटेंट्स को खत्म कर दिया। इसी तरह से फिर उन्होंने तहरीक-ए-मुजाहिदीन और हरकत-उल मुजाहिदीन बना ली। तहरीके मुजाहिदीन का नाम जैश-ए-मोहम्मद रखा। जैश-ए-मोहम्मद का नाम होता है मोहम्मद की फौज और इसी तरह से हरकत-उल-मुजाहिदीन का नाम बदलकर लश्करे तोयबा, तोयबा का मतलब होता है पाक, एक उन्होंने पाक फौज बना दी। इस तरह से पाकिस्तान हर वक्त नाम बदल बदल कर, चेहरे बदल बदल कर हिन्दुस्तान को धोखा देता रहा, चिलमन के पीछे छुपकर, सामने आते भी नहीं और साफ दीखते भी नहीं। यह एक पाकिस्तान का रवैया पिछले 10-12 वर्षों से रहा है। लेकिन कल जब इस पर चर्चा हो रही थी तो अहलुवालिया जी और हमारे दूसरे साथी जब बोल रहे थे तो, ऐसा लग रहा था कि कोई इम्प्रेशन दिया जा रहा है। मैं यह नहीं कहता कि खुलकर, लेकिन दबी जबान में, विशेषकर सदन से बाहर, सदन में इतना नहीं लेकिन सदन के बाहर ऐसा इम्प्रेशन दिया जा रहा है कि जैसे अपोजीशन बिल्कुल कोई ऐक्शन नहीं चाहता, जैसे अपोजीशन चाहता है कि सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे, जैसे अपोजीशन चाहता है कि कोई काम ही नहीं किया जाए। मैं आपको बताना चाहता हूं कि अपोजीशन और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा चाहा है कि सरकार सतर्क हो, मजबूत हो और सरकार इस बारे में जो निर्णय लेगी अपोजीशन हमेशा उसके साथ खड़ा रहेगा। लेकिन सरकार की हमेशा ढीलीढाली पालिसी रही है। चाहे वह बादामी बाग की घटना हो जिसकी चर्चा यहां पर हुई, चाहे श्रीनगर के कंटोन्मेंट की बात हो, जहां लेफ्टिनेंट जनरल बैठते है आतंकवादी वहां तक पहुंच गए थे, चाहे बीएसएफ के कश्मीर के हेडक्वार्टर पर आतंकवादियों के हमले की बात हो, चाहे सीआरएफ यूनिट पर हमले की बात हो, चाहे श्रीनगर शहर में टास्क फोर्स के हेड क्वार्टर पर आतंकवादियों के हमले की बात हो, चाहे पहलगांव में तीर्थ यात्रियों पर, जो वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा पर जा रहे थे, उन पर हमले की बात हो, रेड फोर्ट पर हमले की बात हो, जम्मू रेलवे स्टेशन पर लोगों को मारने की बात हो और चाहे श्रीनगर में असेंबली पर हमले की बात हो, इन तमाम जगहों पर हमला होने के बाद भी इस गवर्नमेंट की पालिसी क्या रही? जब हिजबुल मुजाहिदीन ने यूनिलेटरल सीज फायर की बात की तो सबसे पहले गवर्नमेंट ने सोचा कि पता नहीं हमें क्या मिल गया है जैसे कोई सोने की खान मिल गई हो, बगैर कोई तैयारी किए होम मिनिस्टर के नेतृत्व में सब लोग वहां पहुंचे और एक बड़ी एम्बरेसमेंट गवर्नमेंट को हुई। मैं गवर्नमेंट की बात नहीं कर रहा हूं, मैं पूरे देश की बात कह रहा हूं। एक तरफ हिन्दुस्तान के होम सेक्रेटरी और एक बड़ा डेलीगेशन जा रहा हो और दूसरी तरफ नकाबपोश लोग बैठे हों, यह क्या है? इन्होंने उनको यह भी नहीं पूछा कि आप नकाब में आयेंगे या बगैर नकाब के आयेंगे और वह बात वहीं की वहीं खत्म हो गई।

सरकार की तरफ से पिछले रोजों में, रमजान के दिनों में यूनिलेटरल सीज फायर हुआ, फिर दूसरा यूनिलेटरल सीज फायर हुआ और फिर तीसरा यूनिलेटरल सीज फायर हुआ। उससे भी जो फौज के इरादे थे, वैसे इरादे उनके हमेशा मजबूत रहे हैं लेकिन मुझे लगता है कि

इन-ऐक्शन से, मिलिटेंटों के जो इरादे थे वह मजबूत हुए। उसके बाद कंधार और मेरे ख्याल में कंधार क्लाइमेक्स था इन सब चीजों के लिए। कंधार में जो आज जैश-ए-मोहम्मद के चीफ हैं, मौलाना अजहर मसूद और मुस्ताक लटरम, मुस्ताक लटरम ने मेरे ब्रदर-इन-ला को अगुवा किया था और सात महीने उनके साथ रहा था, लेकिन उसे जब हम लोगों ने कंधार पहुंचा दिया तो उनका मनोबल तो बढ़ना ही था। आज हम चाहे आर पार की बात करें या दूसरी बात करें, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि :

खुद ही अपनी दीवारों में तुमने किए हैं सुराख,

अब कोई झांक रहा है तो शिकायत कैसी ।

आपने खुद ही वक्त वक्त पर उनके सामने कमजोरियां दिखाई हैं, कमियां दिखाई हैं। आज जिस तरह से प्रधानमंत्री जी के स्टेटमेंट आ रहे हैं, आज जिस तरह से होम मिनिस्टर के स्टेटमेंट आ रहे हैं। अगर इस तरह दो साल से होते तो शायद पाकिस्तान और इन आतंकवादियों की हिम्मत नहीं होती जिस तरह से आज उनकी हिम्मत हुई है पार्लियामेंट तक पहुंचने के लिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री सतीश प्रधान (महाराष्ट्र) : उस समय तो आप बोलने के लिए तैयार नहीं थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आज़ाद : किस समय की बात कर रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : प्रधान जी, अभी मंत्रिमण्डल के विस्तार में समय है। ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आज़ाद : उस वक्त भी और हमेशा कांग्रेस पार्टी देश के हित में, देश की एकता के लिए, देश की अखण्डता के लिए और देश की स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए जो भी केन्द्रीय सरकार उचित समझे उसके लिए हमेशा रही है। अब मैं क्या कहूं, आप हिम्मत दिखाते नहीं। लेकिन हिम्मत का मतलब यह नहीं, जो भी काम करना होगा वह सोच समझ कर करें, हम यह नहीं कहते हैं कि जोश में होश खो दो। जोश में भी होश रख कर फैसला करना होगा। यह नहीं कि हम बिलकुल एकतरफा जाएं और उसके नेगेटिव और पोज़िटिव एस्पेक्ट को नहीं देखें। सरकार का यह काम है पोज़िटिव और नेगेटिव एक्सपेक्ट सब देखे और यह देखे कि इससे हमारे देश को क्या फायदा होता है, मुल्क को क्या फायदा होता है और यह भी जेहन में रखना होगा कि खाली एकतरफा नहीं चलना होगा। मेरा यही कहना होगा हमारे साथियों के लिए कि हमारे देश की मजबूती के लिए, अखण्डता के लिए, कांग्रेस पार्टी हमेशा देशभक्त है। जितनी कांग्रेस पार्टी ने कुर्बानियां दी हैं महात्मा गांधी से ले कर, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और बेअंत सिंह तक, जितना आतंकवाद का शिकार कांग्रेस पार्टी हुई है, मैं नहीं समझता कि कोई दूसरी पार्टी इतना शिकार हुई है। मैं यह भी नहीं चाहता, भगवान न करे कि कोई दूसरी पार्टी या उसका नेता इसका शिकार हो। लेकिन वास्तविकता यह रही है। उसके बावजूद भी हम चाहते हैं कि आप जो भी कदम उठाएं देश के हित में वह होश के साथ किया जाए, जोश में नहीं किया जाए। आखिर में मैं इन पंक्तियों के साथ अपनी बात समाप्त करूंगा-

उंगलियां थाम कर गैरों की तुम चलोगे कब तक,

जिन्दगी खुद से बनती है, सहारों से नहीं ।

बहुत बहुत धन्यवाद ।

प्रधानमंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : सभापति जी, सब से पहले मैं आपको बधाई देना चाहता हूं। उस दिन बड़ी गम्भीर परिस्थिति पैदा हो गई थी। आतंकवादियों का निशाना था पार्लियामेंट, पार्लियामेंट में भी राज्य सभा के दरवाजे के सामने जो तांडव उन्होंने किया, उसका सफलतापूर्वक सामना हुआ। इसके लिए सुरक्षा बल, वाच एंड वार्ड हमारी बधाई के पात्र हैं। जो आतंकवादियों से लड़ते लड़ते शहीद हुए, उनको हम श्रद्धांजलि देते हैं। विधि का विधान है और शायद संसद् की रक्षा उस दिन इसलिए भी हुई कि दुनिया चाहती है, देश चाहता है कि हम आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करें और इस अवसर पर अपने सारे मतभेद भूल जाएं । इस देश की विशेषता है कि जब-जब संकट आता है, इस देश की एकता उजागर हो जाती है। मतभेद ताक पर रख दिए जाते हैं, विचार-भिन्नता एक ओर हो जाती है और सारा देश, सारा सदन आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा हो जाता है।

जो चर्चा हुई है उसका उत्तर तो हमारे गृह मंत्री आडवाणी जी देंगे। मैं तो दो-तीन बातों का उल्लेख करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मुम्बई की जनसभा में मैंने कहा था कि आतंकवाद बढ़ रहा है। संसद भवन भी उसके निशाने पर आ सकता है। यह कोई भविष्यवाणी नहीं थी। आतंकवाद जब से आरंभ हुआ और जब से उसका विस्तार हुआ है तो दिल्ली में, नई दिल्ली में कौन से स्थान उसका निशाना बन सकते हैं, इस पर काफी चर्चा हुई थी। एक कमेटी भी बनी थी। उसने रिपोर्ट में कहा था कि जो निशाने हैं उनमें संसद भवन भी है। इसी के आधार पर मैंने मुम्बई की सभा में कहा था कि हमें सब तरह से तैयार होना चाहिए और अपनी सब संस्थाओं की सुरक्षा का ठीक तरह से प्रबंध करना चाहिए। कानून की आवश्यकता हो तो उसकी भी रचना करनी चाहिए, उसका भी मसौदा तैयार करना चाहिए।

दूसरे दिन जो कुछ हुआ, वह एक चुनौती है। भारत के गणतंत्र को चुनौती है। हमारी अस्मिता को चुनौती है। आतंकवाद गणतांत्रिक भारत के दरवाजे तक पहुंचकर खटखटाने लगा है। यह चिंता का विषय है और यह चुनौती का विषय भी है। पुराने इतिहास में मैं नहीं जाना चाहता हमने हमेशा इस बात का प्रयत्न किया है कि पड़ोस के साथ, पड़ोसी के साथ हमारे संबंध अच्छे हों। इसके लिए अलग-अलग कदम उठाए गए। आज वे कदम आलोचना का विषय बन गए हैं। लेकिन उनकी वजह से हमें एक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला था। अपनी विदेश यात्रा के दौरान जहां कहीं मैं गया, सबने इस बात की तारीफ की कि कारगिल के युद्ध के समय भारत ने बड़े संयम से काम लिया। फिर साथ में यह भी कहा कि अब और संयम से काम लीजिए। उस दिन जब राष्ट्रपति बुश का फोन आया, उन्होंने एकजुटता प्रकट की। आतंकवाद की निन्दा की और कहा कि सब देश इसकी निन्दा कर रहे हैं और जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है। यह बहुत अच्छा निशान है, यह बहुत अच्छा चिन्ह है। मैंने उसी समय उनसे कहा था, राष्ट्रपति महोदय, शायद आपको मालूम नहीं है कि ये जो आतंकवादी हैं जिन्होंने संसद भवन के दरवाजे को खटखटाया है। हमें चुनौती दी है, ये आतंकवादी पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं, पाकिस्तान द्वारा परिचालित हैं, पाकिस्तान द्वारा संचालित हैं, ये पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रहे हैं। स्पष्ट शब्दों में यह बात हुई थी। अभी भी हम आशा करते हैं कि दुनिया में जो आतंकवाद के खिलाफ हैं वे एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन बनाएं। अफगानिस्तान से आतंकवाद को समाप्त करने की अंतिम घड़ी आ रही है, तो और जगह, विशेष कर भारत में पड़ोसी द्वारा प्रेरित, संचालित व नियंत्रित जो आतंकवादी गतिविधियां चल रही हैं, उनकी ओर दुनिया अनदेखा कैसे कर सकती है? आतंकवाद को नापने के अलग-अलग गज नहीं हो सकते हैं, आतंकवाद को कसने के लिए अलग-अलग कसौटियां नहीं हो सकती हैं,

1.00 p.m.

आतंकवाद की समस्या को समग्रता में देखना होगा। पहले जम्मू-कश्मीर की विधान सभा के सामने विधान सभा को ध्वस्त करने के लिए कदम उठाए गए थे। जो आतंकवादी आए थे वे विधान सभा को तो नष्ट करना चाहते ही थे, बल्कि वे नेतृत्व को भी समाप्त करना चाहते थे। विधान सभा भवन में घूम-घूम कर वे फारुक अब्दुल्ला को नाम लेकर ढूंढ रहे थे, कहां हैं, कहां हैं, वे पहचानते नहीं थे। उनके मन में क्या था? 13 तारीख को जिन्होंने संसद् भवन को अपना निशाना बनाया उनके मन में क्या था? यह कोई मामूली आतंकवादी कार्यवाही नहीं है, इसके पीछे एक सोची-समझी योजना है और यह योजना उन आतंकवादियों ने नहीं बनाई, जिन्होंने मरने का फैसला करके यहां कदम बढ़ाया था बल्कि इसके पीछे कोई दिमाग काम कर रहा है। यह बात दुनिया को समझनी चाहिए, कूटनीतिक तरीकों से हम इसको समझाने की कोशिश कर रहे हैं। आतंकवाद कहीं भी, किसी भी रूप में मान्य नहीं हो सकता। उसके लिए सब को मिल कर, सारी दुनिया को एक राय बना कर आगे बढ़ना होगा। मैं विरोधी दल के नेता डा. मनमोहन सिंह जी को बधाई देना चाहता हूं और अन्य नेताओं को भी, जिन्होंने इस चर्चा में भाग लिया। चर्चा नकारात्मक नहीं थी, सकारात्मक थी। विधायक ढंग से चर्चा हुई, सदन की गरिमा के अनुकूल चर्चा हुई। कांग्रेस पार्टी प्रमुख विरोधी दल है। श्रीमती सोनिया गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने इस समय जो फैसला किया है वह देश के हित के लिए है, अपनी परंपरा के अनुकूल है। चालीस साल से पार्लियामेंट में मैंने ऐसे अवसर देखे हैं जब सीमा पर जंग हो रही है और पार्लियामेंट की बैठक हो रही है, उस समय सब ने इस तरफ ध्यान एकत्र किया कि उस जंग को किस तरह से जीता जाए। आरोप-प्रत्यारोपों के लिए उसमें कोई स्थान नहीं था। देश की एकता प्रकट हुई। आज भी यह एकता प्रकट हो रही है। संयोग की बात है कि उस दिन मैं राज्य सभा में आने वाला था, मेरा सवाल था, मगर अंतिम समय में मुझे मिलने के लिए एक संसद् सदस्य आ गए। कहने लगे कि आप हमारी बात सुनते जाइये, आप हमारी बात सुनते जाइये। अब रोकना मुश्किल। सुरक्षा के मामले में जब रोकना मुश्किल होता है तो मुझ से मिलने के बारे में कोई प्रतिबंध कैसे स्वीकार कर सकता है? मैं रुक गया। इसी बीच में यहां आतंकवादी कार्यवाहियां शुरू हो गयीं। उसी समय मुझे श्रीमती सोनिया गांधी का फोन आया कि आप कैसे हैं, आप कहां हैं? उन्हें चिंता थी। वह भी सदन में आई थीं और शायद बाद में चली गयी थीं ।

श्री गुलाम नबी आजाद : आकर चली गयी थीं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आई थीं, लोक सभा में उन की उपस्थिति थी। तो इस छोटी सी घटना ने मुझ पर बड़ा गहरा प्रभाव डाला। विरोधी दल के नेता, विरोधी दल की नेत्री अगर प्रधान मंत्री की चिंता करें तो फिर भारतीय गणतंत्र के लिए कोई खतरा नहीं है, भारतीय गणतंत्र के लिए कोई संकट नहीं है। सभापति जी, ऐसे वक्त एक कसौटी बनकर आते हैं, हमारी परीक्षा लेते हैं। देश इस परीक्षा में सफल होगा, ऐसा मेरा विश्वास है। हम ने बहुत संयम बरता है। अब संयम की पराकाष्ठा हो गयी है। लाहौर के बाद कारगिल, मैंने लाहौर जाने के पहले एक कविता लिखी थी, "जंग नहीं होने देंगे" और जंग हो गयी ।

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश) : पंडित जी, एक कविता और लिख दीजिए ताकि अगला फैसला भी हो ही जाये ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वह काम मैंने बैरागी जी के ऊपर छोड़ दिया है। मैं हर तरह की कविता नहीं लिख सकता।

सभापति महोदय, युद्ध को टालने के सारे प्रयत्न होने चाहिए। यह मैं केवल इसी संदर्भ में नहीं कह रहा हूं, एक व्यापक संदर्भ में कह रहा हूं। युद्ध के अलावा जितने विकल्प हैं, उन सब को खोजा जाना चाहिए, उन सब का सही मूल्यांकन होना चाहिए। जितने विकल्प हैं, उन की परीक्षा होनी चाहिए, विचार-विमर्श होना चाहिए। जो भी कदम उठाया जाएगा, वह सोच-समझकर उठाया जाएगा, यह मैं आप को आश्वासन देना चाहता हूं। अभी भी जो मित्र हमें संयम का उपदेश दे रहे हैं, हम उन से कहना चाहते हैं कि आप की भावनाओं की हम कद्र करते हैं। लेकिन भारत की जनता की भावनाओं को भी आप को ध्यान में रखना चाहिए। मैं लोकतंत्र का प्रधान मंत्री हूं, मैं किसी सेना का नायक नहीं हूं। मैं फौज के बल पर शासन नहीं कर रहा, मैं आप के समर्थन से कर रहा हूं, आप के सहयोग से कर रहा हूं, सौ करोड़ जनता की सद्भावना के बल पर कर रहा हूं। उस जनता की भावनाओं को भी हमें ध्यान में रखना होगा। मुझे विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में से हम पार होंगे। इस संकट के दौरान जो कमियां ध्यान में आई हैं, उन सब को दूर करने का प्रयास होगा। ऐसी घटना फिर से न होनी पाए, इस की व्यवस्था करनी होगी और मुझे विश्वास है कि इस काम में सब दलों का सहयोग मिलेगा, सब पार्टियों की सहमति मिलेगी। देश में अगर कोई शांति के लिए बोलता है तो उस में आपत्ति की कोई बात नहीं है। हम देश में एक जुनून पैदा नहीं करना चाहते। देशभक्ति अलग है, राष्ट्र पर होने वाले हमलों का हम दृढ़ता से सामना करेंगे, यह अलग बात है, लेकिन देश में एक उन्माद पैदा करना हमारी मंशा नहीं है। विवेक के साथ देशभक्ति की तीव्र भावना जगाना, लोगों को संगठित करना, भारतीय समाज के सभी वर्गों में यह विश्वास पैदा करना कि वे सब सुरक्षित हैं और उन सबकी खुशहाली में ही देश की खुशहाली है - यह जरूरी है। इस देश में वे सुरक्षित हैं, उनका जीवन, उनका धन, उनका सम्मान सुरक्षित है। कभी कभी इस तरह के आरोप लगाए जाते हैं, जिन आरोपों का सचमुच कोई आधार नहीं है, अल्पसंख्यकों को डर है। क्यों डर है? क्यों डर होना चाहिए? भारत एक सेकुलर देश है। हमने सर्वपंथ समभाव में विश्वास लेकर आगे बढ़ने का फैसला किया है। हमारे संविधान में कोई मजहब के आधार पर या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं है। अगर भेदभाव की शिकायत कहीं से आती है, तो उसके लिए अदालत हैं, अखबार हैं, मानवाधिकार आयोग है। हम तुलना करें जो कुछ स्थिति हमारे देश में है और हमारे पड़ौस में है। इसलिए राजनैतिक दृष्टि से ऐसी बातें न कही जाएं, जिनका हमारे शत्रु लाभ उठा सकते हैं या जो जनता के मनोबल को ठेस लगाती हैं। मैं समझता हूँ कि इस तरह की बातें नहीं कही जानी चाहिएं।

सभापति महोदय, जैसा मैंने आपसे कहा, चर्चा का उत्तर आडवाणी जी देंगे। आपने मुझे इस चर्चा में हस्तक्षेप करने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। धन्यवाद ।

PAPERS LAID ON THE TABLE (*Contd.*)

STUDY TOUR REPORTS OF THE COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

SHRI B.P. SINGHAL (Uttar Pradesh): Sir, I beg to lay on the Table a copy each (in English and Hindi) of the Study Tour Reports of the